हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
dku live & dkunews24
वर्ष : 04 अंक–85 : जौनपुर, बुधवार 18 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मोदी मंत्र के बाद एक्शन में योगी : 'दस डिवीजन' और 'सौ ब्लॉक' से सधेगा लोकसभा चुनाव

लखनऊ ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लखनऊ दौरे के दौरान दिए गए मंत्र का असर दिखने लगा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के दिए गए मंत्र को लागू करने के प्रदेश का अलग–अलग सेक्टर के हिसाब से विकास करने का पूरा रोडमैप तैयार कर लिया है। इसके अलावा प्रदेश के पिछड़े जिलों के अलावा पिछड़े विकास खंडों की भी पूरी जानकारी इकट्ठा कर विकास कार्य की योजनाओं को बहुत जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री के दिए गए मंत्र के मुताबिक उत्तर प्रदेश के सभी पिछड़े जिले और सभी पिछड़े विकास खंडों में योजना के तहत विकास किया जाएगा। इसकी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर प्रधानमंत्री दफ्तर तक पहुंचेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेपाल से लौटने के बाद लखनऊ पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत उप मुख्यमंत्री और पूरी कैबिनेट के साथ विस्तार से बातचीत की थी। प्रधानमंत्री ने अपनी बातचीत के दौरान मंत्री समूह को उत्तर प्रदेश के सभी पिछड़े जिलों के कस्बों, तहसीलों, शहर और गांवो के विकास का एक पूरा ढांचा तैयार कर उसको योजनाबद्ध तरीके से सिरे चढ़ाने के लिए कहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के अगले दिन ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के आला अफसरों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री की नसीहत को तत्काल प्रभाव से अमल में लाने के निर्देश जारी कर दिए। जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में विकास की सभी योजनाओं को 10 सेक्टर में बांट कर उनकी लगातार मॉनिटरिंग करने का दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले ही अपने मंत्रियों को 100 दिन का पूरा रिपोर्ट कार्ड तैयार करने को कहा है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में डेवलपमेंट की योजनाएं न रुकें, इसके लिए तीन महीने से लेकर छह महीने और फिर एक साल के बाद दो साल तक का पूरा रोडमैप तैयार कर उसकी मॉनिटरिंग करने के लिए मंत्रियों को निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के



मंत्री समूह के साथ चर्चा में स्पष्ट रूप से कहा था कि प्रदेश का कोई भी कोना विकास से अछूता न रहे। इसके लिए मंत्रियों को अपने जिलों में और जिन मंत्रियों को जिलों की जिम्मेदारी दी गई है उसमें वह इसको नियमित तौर पर चेक करें कि केंद्र और राज्य की योजनाओं का लोगों को लाभ मिल रहा है या नहीं। जनता की समस्याओं को निपटाने के साथ उनके साथ किए जा रहे अधिकारियों के व्यवहार को भी मॉनिटर करने के लिए कहा गया है। ताकि प्रदेश की जनता को किसी भी तरीके की कोई समस्या न हो। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के साथ बैठक में निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी 10 सेक्टरों में 10 वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया जाएगा जो इन सेक्टर्स में किए जाने वाले विकास कार्य की योजनाओं को न सिर्फ मॉनिटर करेंगे बल्कि उसकी पूरी रिपोर्ट तय वक्त में मुख्यमंत्री कार्यालय में पेश भी करेंगे। प्रधानमंत्री की मुख्यमंत्री समेत उत्तर प्रदेश के मंत्री समूह के साथ हुई मुलाकात को लेकर उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं भी तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश में राजनीति के जानकार बीपी पांडे कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा तो महज चार घंटे का ही था, लेकिन उन्होंने 2024 के चुनावों का जो रोडमैप इस छोटी सी मुलाकात के दौरान रखा असल में वही चुनाव का असल आधार बनेगी। डीपी पांडेय कहते हैं कि अगर पिछले चुनावों को देखा जाए तो तकरीबन डेढ़ से दो साल पहले ही भारतीय जनता पार्टी राजनीतिक जमीन तैयार करने लगती है और इस बार प्रधानमंत्री की इस छोटी सी बैठक के साथ 2024 के लोकसभा चुनाव की पूरी जमीन पर विकास के माध्यम से चुनावी मैदान में उतरने का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है। भारतीय जनता पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अगले तीन महीने के भीतर लोकसभा चुनाव को मॉनिटर करने वाले संगठन से जुड़ी कमेटी अभी से उत्तर प्रदेश में डेरा जमाने लगेंगीं।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबन्धित बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 राजकुमार पण्डित एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल को निर्देश दिया कि 19 मार्च 2022 को होने वाले विद्यालयों में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाए। विद्यालयों में प्रार्थना सभा में सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी एवं उनका अनुपालन दिए जाने की शपथ ग्रहण कराया जाए। 20 मई 2022 को विद्यालयों के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया जाए एवं अंतिम कार्य दिवस में विद्यालयों में अध्यापकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के मध्य सड़क सुरक्षा के संबंध में गोष्ठी का आयोजन तथा परिवहन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए हैण्डबिल का वितरण कराया जाए और विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाए। 21 मई 2022 को परिवहन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए हैण्डबिल एवं पोस्टर के माध्यम से प्रमुख चौराहों पर पैदल यात्रियों को एनसीसी, एनएसएस तथा स्काउट गाइड के विद्यार्थियों के माध्यम से जागरूकता किया जाए। 23 मई को ऑनलाइन के माध्यम से विद्यालय में गठित रोड सेफ्टी क्लब द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना। 24 मई को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन के माध्यम से किया जाएगा। 25 मई को एनसीसी, एनएसएस तथा स्काउट गाइड के विद्यार्थियों के माध्यम से नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाएगा। 26 मई को निबंध प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन एवं 27 मई को भाषण प्रतियोगिता एवं 28 मई को परिवहन विभाग के सहयोग से विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय की दीवारों पर यातायात के नियमों, स्लोगन



की पेंटिंग, राइटिंग कराया जाएगा। 30 मई 2022 को परिवहन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए हैण्डविल एवं पोस्टर के माध्यम से प्रमुख चौराहों पर पैदल यात्रियों को एनसीसी, एनएसएस तथा स्काउट गाइड के विद्यार्थियों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि यातायात नियमों के इंडिकेट के बारे में बच्चों को जानकारी दिया जाए। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एस0पी0 सिंह को निर्देशित किया कि जिला पंचायत राज अधिकारी और अधि0अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत से समन्वय स्थापित कर हर नगर पंचायत, ग्राम पंचायत में एक पार्क विकसित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजनमानस को यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया जाये। उन्होंने आमजनमानस से अपील किया है कि गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग करने की आदत डाले और वाहन का प्रयोग करते समय मोबाइल का प्रयोग कदापि न करे और अपने आस–पास के लोगो को इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजीव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय उपस्थित रही।

## आरोपीगण को विभिन्न धाराओं में 03 वर्ष का कारावास व चार लाख रुपये के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना लाइनबाजार के जघन्य अपराध में मानिटरिंग सेल जनपद जौनपुर की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी से आरोपीगण को विभिन्न धाराओं में कुल मिलाकर आजीवन कारावास व 03 वर्ष के साधारण कारावास तथा चार लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। दिनांक 22.03.2016 को समय रात्रि 08:40 पर वादिनी रामशीला के पुत्र प्रेमचन्द्र गुप्ता को अभियुक्तगण द्वारा लाठी–डण्डे से पीटकर जान से मार देने के सम्बन्ध में थाना लाईनबाजार में वादिनी की लिखित तहरीर पर मु0अ0सं0 581/2016 धारा 147/148/302 भा0द0वि0 पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप–पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। जघन्य अपराधों पर नियंत्रण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दण्डित कराने के लिए उक्त अभियोग को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कराते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जौनपुर द्वारा अपने निकट पर्यवेक्षण में माननीय न्यायालय मे विचारण के दौरान सम्यक पैरवी एवं गवाहों का तत्परता से परीक्षण पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के कुशल नेतृत्व में मानिटरिंग सेल द्वारा सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप दिनांक 17/05/2022 को माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ, जौनपुर द्वारा अभियुक्तगण 1–रामबली उर्फ भोला, 2–सन्तोष यादव उर्फ बब्लू, 3–रजनीकान्त यादव उर्फ रानू, 4–रामाश्रय यादव प्रत्येक को धारा 147 भा0द0वि0 के तहत 01 वर्ष के साधारण कारावास, धारा 148 भा0द0वि0 के तहत 02 वर्ष के कारावास, धारा 302 भा0द0वि के तहत आजीवन कारावास तथा प्रत्येक अभियुक्तगण को एक लाख रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्तगण को दो वर्ष के अतिरिक्त कारावास का दण्ड भुगतना होगा। अर्थदण्ड की धनराशि रुपये चार लाख में से दो लाख रुपये मृतक प्रेमचन्द्र गुप्ता के विधिक वारिसानों को प्रतिकर के रुप में प्रदान किया जायेगा। सभी सजायें साथ–साथ चलेंगी। धारा 428 दं0प्र0सं0 के तहत वर्तमान प्रकरण में जेल में निरुद्ध रहते हुए व्यतीत की गयी किसी भी अवधि का समायोजन वर्णित दण्डदेश में किया जायेगा।

## थाना सिंगरामऊ व बदलापुर की संयुक्त टीम द्वारा 03 शातिर लूटेरे गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर महोदय के निर्देश पर अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के दिशा निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सिंगरामऊ कमलेश कुमार मय हमराह व प्र0नि0 बदलापुर श्री योगेन्द्र सिंह मय उ0नि0 विरेन्द्र प्रताप मय हमराह के देखभाल क्षेत्र व गश्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 34/2022 धारा 392 आईपीसी से सम्बन्धित वांछित तीन अभियुक्तों 1. शुभम सिंह S/O सुरेन्द्र बहादुर सिंह ग्राम जफरपुर थाना कादीपुर जनपद सुल्तानपुर 2. आनन्द दूबे उर्फ गोलू S/O राजेन्द्र प्रसाद दूबे ग्राम देवराजपुर थाना बदलापुर जौनपुर 3. गिरीश तिवारी S/O अरुण उर्फ दुल्ली तिवारी ग्राम भटेहरा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर को आज दिनांक 18.05.2022 समय करीब 05.20 बजे रजनीपुर अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से एक तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस,एक पिली धातु चैन का टुकडा, बदलापुर लूट के हिस्से का नगद शेष 6500/– रुपया व अन्य 4500/– रुपया नगद, एक मोबाईल VIVO टच स्क्रीन बरामद हुआ। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर अभि0गण के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। नाम पता अभियुक्त व संबन्धित अभियोग 1. शुभम सिंह S/O सुरेन्द्र बहादुर सिंह ग्राम जफरपुर थाना कादीपुर जनपद सुल्तानपुर 1. मु0अ0सं0– 30/22 धारा 394 भादवि थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0सं0–34/22 धारा 392 भादवि थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर। 2.आनन्द दूबे उर्फ गोलू



S/O राजेन्द्र प्रसाद दूबे ग्राम देवराजपुर थाना बदलापुर जौनपुर। 1. मु0अ0सं0– 30/22 धारा 394 भादवि थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर 2. मु0अ0सं0–34/22 धारा 392 भादवि थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर 3. मु0अ0सं0–35/22 धारा 3/25 आर्म्स अधि0 थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर। 4. मु0अ0सं0–100/22 धारा 394 भादवि थाना बदलापुर जौनपुर 3. गिरीश तिवारी S/O अरुण उर्फ दुल्ली तिवारी ग्राम भटेहरा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 1. मु0अ0सं0– 30/22 धारा 394 भादवि थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0सं0–34/22 धारा 392 भादवि थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरणः– 1. एक तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस। 2. एक पिली धातु चौन का टुकडा। 3. बदलापुर लूट के हिस्से का नगद शेष 6500/– रुपया व अन्य 4500/– रुपया नगद। 4. एक मोबाईल VIVO टच स्क्रीन। गिरफ्तारी करने वाली टीम। 1.प्र0नि0 श्री योगेन्द्र सिंह प्र0नि0 बदलापुर जौनपुर। 2.थानाध्यक्ष श्री कमलेश कुमार थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 3. उ0नि0 विरेन्द्र प्रताप थाना बदलापुर जौनपुर। 4.का0 लक्ष्मण कुमार थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 5.का0 विकास कुमार सिंह थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 6.का0 सुशील यादव थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 7.का0 लक्ष्मीकांत गुप्ता थाना सिंगरामऊ जौनपुर । 8.का0 विमलेश यादव थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 9.का0 दिलीप कुमार थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 10.का0 जितेन्द्र यादव थाना बदलापुर जौनपुर। 11.का0 बबलू यादव थाना बदलापुर जौनपुर।

## शत–प्रतिशत कोविड टीकाकरण कराने में डीआईओएस और बीएसए करेंगे सहयोग

जौनपुर सू.वि. : कलक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में 12 से 14 वर्ष तथा 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के लाभार्थियों का शत–प्रतिशत टीकाकरण निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) को भी निर्देशित करते हुए शत–प्रतिशत कोविड वैक्सीनेशन का लक्ष्य प्राप्त करने में सहयोग देने को कहा। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने बताया कि 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के 3,15,205 बच्चों का टीकाकरण होना है। इसमें से 3,05,386 बच्चों को पहली डोज देकर लक्ष्य का 97 प्रतिशत तथा 2,52,388 को दूसरी डोज लगवाकर लक्ष्य का 81 प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 12 से 14 वर्ष आयु वर्ष के 1,90,373 बच्चों का टीकाकरण करने का लक्ष्य है। इस वर्ग के 1,56,533 बच्चों को पहली डोज लगाकर 83 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण किया जा चुका है जबकि 37,587 बच्चों को दूसरी डोज डोज देकर 20 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा चुका है। अभी तक की उपलब्धियों पर वह संतुष्ट दिखे। बावजूद इसके उन्होंने हर हाल में सप्ताह भर के अंदर दोनों डोज का शत–प्रतिशत टीकाकरण कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, एसीएमओ डॉ राजीव कुमार, उपजिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ डी के सिंह, आयुष्मान भारत के जिला समन्वयक डॉ बद्री विशाल पांडेय, जिला सूचना प्रणाली प्रबंधक हिमांशु शेखर सिंह, शिकायत प्रबंधक अवनीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराया



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गाड़ी संख्या यूपी 32bg9017 के ईएमटी अनिल कुमार तिवारी चालक सूरज कुमार ने एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराया। भोला खेड़ा से पूजा आशा ने 108एंबुलेंस पर कॉल किया जिसकी सूचना मिलने पर एंबुलेंस अवध चौराहा से भोला खेड़ा पहुंचती हैं और मरीज को हॉस्पिटल लेकर जाते समय प्रसव पीड़ा तेज होने पर एंबुलेंस मे ही ईएमटी अनिल कुमार तिवारी के द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया गया और जच्चा, बच्चा को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया।

## खादी ग्रामोद्योग बोर्ड जौनपुर द्वारा लाभार्थियों को स्तर से पुरस्कार दिये जाने का किया गया प्राविधान

जौनपुर सू.वि. : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी यू०पी० सिंह ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि विभाग के माध्यम से विगत 5 वर्षो में खादी ग्रामोद्योग बोर्ड जौनपुर द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत वित्तपोषित/स्थापित एवं अच्छा कार्य करने वाले लाभार्थियों को वर्ष 2022–23 में चयन उपरान्त मण्डल/मुख्यालय स्तर से पुरस्कार दिये जाने का प्राविधान किया गया है। जिसके लिए लाभार्थी द्वारा अपना नाम, पता, बिक्री, रोजगार की सूचना के साथ ही कार्यस्थल का फोटोग्राफ सहित 25 मई 2022 तक प्रत्येक दशा में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय जौनपुर में जमा किया जाना है। प्राप्त आवेदन पत्र के आधार पर पुरस्कार हेतु जनपद स्तर पर चयन की कार्यवाही की जायेगी। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नम्बर 9580503155 एवं कार्यालय दूरभाष 05452–260719 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## पात्र दिव्यांगजन करें आनलाईन आवेदन

जौनपुर सू.वि. : जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने अवगत कराया है कि जनपद मे निवासरत ऐसे पात्र दिव्यांगजन जिन्हें मुख्य चिकित्साधिकारी, जौनपुर द्वारा दिव्यांगता प्रमाणपत्र निर्गत किया जा चुका है तथा दिव्यांग पेंशन प्राप्त हो रहे हैं एवं उनका स्मार्ट कार्ड (यू0डी0आई0डी0 कार्ड) अभी तक नहीं बना है वे अतिशीघ्र किसी भी सहज जन सेवा केन्द्रध्लोकवाणीध्साइबर कैफे सेन्टर पर दिव्यांग प्रमाणपत्र, आधारकार्ड, फोटो एवं नमूना हस्ताक्षर के साथ www.swavlambancard.gov.in बेवसाइट पर अपना आवेदनपत्र ऑनलाईन अपलोड करवाकर स्मार्ट कार्ड (यू0डी0आई0डी0) आनलाइन प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी दिव्यांगजन को आवेदन करवाने में कठिनाई है तो अपने दिव्यांग प्रमाणपत्र, आधारकार्ड, फोटो एवं नमूना हस्ताक्षर जिला दिव्यांगज कार्यालय में जमा करें, उनका आवेदन कार्यालय द्वारा आनलाइन करवा दिया जायेगा। उन्होंने सभी दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि अगस्त, 2022 तक अनिवार्य रूप से अपना स्मार्ट कार्ड (यू0डी0आई0डी0) बनवा लें।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान रैली

जौनपुर सू.वि. : शासन की मंशा के अनुसार मुख्य सचिव के निर्देशानुसार आज जनपद जौनपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई, रैली को डॉ0 गोरखनाथ पटेल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं एस.पी. सिंह सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से हरि झंडी दिखाकर रैली रवाना किया, "रैली बीएसए कार्यालय परिसर से शुरू होकर कोतवाली चौराहा, चहारसू चौराहा, शाहीपुल, ओलंदगंज, नखास, सदभावना पुल, किला रोड से होते हुए पुनः बीएसए कार्यालय परिसर में समाप्त हुआ। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल एवं एस.पी. सिंह ने संयुक्त रूप से सभी से अपील करते हुए कहा कि, बिना हेलमेट बाइक एवं बिना शीटबेल्ट बाधे कार मत चलाये, हेलमेट पहनकर बाइक एवं शीटबेल्ट बाधकर ही कार चलाए। सड़क सुरक्षा ही जीवन रक्षा है। जीवन रक्षा से बढ़कर कोई चीज नहीं है। रैली में उपस्थिति सभी कार्यालय सहायक, एस आर जी, एआरपी और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की शपथ दिलाई गई। अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में समस्त जिला समन्वयक, खण्ड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी, एआरपी, महिला पुरुष शिक्षक एवं के साथ कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
जिस होथ से अच्छा कार्य हो, वह हाथ तीर्थ है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# लुंबिनी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेहद छोटी नेपाल यात्रा के मायने

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेहद छोटी, लेकिन महत्वपूर्ण नेपाल यात्रा को निकट अतीत की विसंगतियों को दुरुस्त करने और मौजूदा दोतरफा संबंधों का पूरा लाभ उठाने के एक प्रयास के तौर पर देखा जाना चाहिए। वैसे तो नेपाल एक हिंदू बहुसंख्यक राष्ट्र है, लेकिन यह अपने उस सुनहरे अतीत को भी बहुत महत्व देता है, जब वहां बौद्ध धर्म फला–फूला था। नेपाल के लिए लुंबिनी एक जगह मात्र नहीं है, बल्कि यह बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध की पावन जन्मस्थली भी है।

दरअसल नेपाल के बौद्धिकों के एक हिस्से की हमेशा से यह शिकायत रही है कि भारत ने खुद को दुनिया में बौद्ध धर्म के स्रोत और प्रवतर्क देश के रूप में पेश किया है, क्योंकि बुद्ध से जुड़ी हुई सारनाथ, बोधगया और दूसरी कुछ जगहें भारत में ही हैं। सच्चाई भी यही है कि बुद्ध ने सिद्धार्थ के रूप में जन्म बेशक लुंबिनी में लिया हो, लेकिन उन्हें बुद्धत्व की प्राप्ति बिहार के बोधगया में हुई, उन्होंने अपना पहला उपदेश सारनाथ में दिया, और उनका निर्वाण कुशीनगर में हुआ।

बौद्ध धर्म के बारे में भारत और बाहर के देशों में जितना भी लिखा गया है, उन सब में यही बताया गया है कि बौद्ध धर्म की शुरुआत भारत में हुई थी। जबकि बुद्ध की प्राचीन मूर्तियां, प्रतिमाएं और बौद्ध धर्म से जुड़ी विरासत के निशान अफगानिस्तान, पाकिस्तान और श्रीलंका तक फैले हुए हैं। भारत की ही तरह इस पूरे क्षेत्र में कभी बौद्ध धर्म का व्यापक प्रसार था। बुद्ध पूर्णिमा के दिन प्रधानमंत्री मोदी की लुंबिनी यात्रा का मतलब बौद्ध धर्म के प्रवर्तक देश नेपाल को उसका वाजिब श्रेय देना था।

ऐतिहासिक, भौगोलिक और सांस्कृतिक पहलुओं के अलावा अपनी लुंबिनी यात्रा के जरिये मोदी ने एक मुद्दे पर भारत की ओर से की गई देरी को भी दुरस्त किया। उन्होंने लुंबिनी में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर फॉर बुद्धिस्ट कल्चर ऐंड हेरिटेज की आधारशिला रखी। जाहिर है, यह बहुत देरी से उठाया गया कदम है, क्योंकि बौद्ध दर्शन और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए अमेरिका, चीन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी और थाईलैंड जैसे देश दशकों पहले लुंबिनी में अपने–अपने केंद्र स्थापित कर चुके हैं।

लुंबिनी में यह भारतीय केंद्र तीन साल में तैयार होगा। नई दिल्ली स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महासंघ (आईबीसी) इसका निर्माण करेगा, जिसमें लगभग एक अरब रुपये खर्च होंगे। दरअसल विगत मार्च में हुए समझौते के बाद लुंबिनी विकास ट्रस्ट ने अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महासंघ को लुंबिनी में भारतीय केंद्र के निर्माण के लिए जगह आवंटित की। एक बार तैयार हो जाने के बाद लुंबिनी के इस भारतीय केंद्र में दुनिया भर के श्रद्धालु और पर्यटक ठहर सकेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की इस संक्षिप्त नेपाल यात्रा में फोकस, जाहिर है, काठमांडू के बजाय लुंबिनी पर रहा।

लुंबिनी नेपाल की पवित्रतम जगह तो है ही, उस देश के कुछ महत्वपूर्ण सांस्कृतिक केंद्रों में से भी है, इस कारण यूनेस्को ने इसे अपनी विश्व धरोहर सूची में रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने लुंबिनी में जो कुछ भी कहा, उसके कूटनीतिक महत्व की अनदेखी नहीं की जा सकती। मोदी की टिप्पणी थी कि 'भारत और नेपाल के रिश्ते हिमालय की तरह हैं, जिन्हें हिलाया नहीं जा सकता।' उन्होंने नेपाल के साथ भारत के संबंधों के बारे में वही कहा, जो चीन अक्सर पाकिस्तान के साथ अपने रिश्तों के बारे में कहता है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जब चीन के दौरे पर गए थे, तब शी जिनपिंग ने कहा था कि चीन और पाकिस्तान के रिश्ते पहाड़ों से भी ऊंचे और सागर से भी गहरे हैं। चारों तरफ से जमीन से घिरे नेपाल में 'ऊंचे पहाड़' हैं। उसे 'गहरे समुद्र' तक जाने का रास्ता भारत ही मुहैया करा सकता है। पहले नेपाल के प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउबा की भारत यात्रा और अब मोदी की संक्षिप्त नेपाल यात्रा से वस्तुतः उस आपसी भरोसे और सहयोग की नए सिरे से शुरुआत हो सकती है, जिसकी नेपाल को बहुत जरूरत है।

नेपाल अपने उत्पादों के परिवहन के लिए भारत पर पूरी तरह से निर्भर है। समुद्र यानी बंदरगाह तक नेपाल की पहुंच भारत के जरिये ही है, और नेपाल अपनी जरूरतों का बड़ा हिस्सा भारत और दूसरे देशों से आयात करता है। भारत–नेपाल के द्विपक्षीय संबंधों को गति देने के लिए दोनों तरफ से पूरी तैयारियां पहले ही कर ली गई थीं। मसलन, नेपाल में भारतीय राजदूत के खाली पड़े पद को 11 मई को–यानी मोदी की नेपाल यात्रा से महज पांच दिन पहले भरा गया।

भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने भारत और नेपाल में स्थित बौद्ध स्थलों को जोड़कर बौद्ध सर्किट बनाने पर जोर दिया है। बौद्ध धर्म से संबंधित स्थलों पर फोकस करना भारत के लिए एकाधिक कारणों से महत्वपूर्ण है। इनमें से एक कारण वस्तुतः बौद्ध धर्म के वर्चस्व वाले दक्षिण एशियाई इलाकों और तिब्बत की मौजूदा स्थिति भी है, जो रणनीतिक कारणों से भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। भारत और नेपाल के प्रधानमंत्रियों की उपस्थिति में लुंबिनी में सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान–प्रदान से संबंधित छह सहमति पत्रों पर भी दस्तखत किए गए।

इसके तहत बौद्ध विश्वविद्यालय में बौद्ध अध्ययन के लिए एक आंबेडकर चेयर होगा। हिमालय की ऊंचाई से जो कुछ कहा गया, भारत और दूसरे पड़ोसी देश उसकी अनदेखी नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री की लुंबिनी यात्रा के राजनीतिक के अलावा रणनीतिक निहितार्थ भी हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से लेकर सेना प्रमुख तक कह चुके हैं कि वे देश की उत्तरी सीमा पर (जिसमें नेपाल भी आता है) चौकस नजर रखेंगे, जिससे कि यथास्थिति बनाए रखी जा सके।

सीमा पार से यथास्थिति को पलटने की कोशिश का, जाहिर है, करारा जवाब दिया जाएगा। इस पृष्ठभूमि में, हिंदू बहुसंख्यक नेपाल में बुद्ध के जरिये दोनों देशों को जोड़ने की भारत की कोशिश का कूटनीतिक महत्व है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि प्रधानमंत्री मोदी का यह नेपाल दौरा उत्तरी सीमा पर शांति के दौर में हुआ है। लेकिन यह तो समय ही बताएगा कि यह शांति लंबे समय तक कायम रहेगी, या यह तूफान से पहले की खामोशी है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## जयपुरिया बच्चों को सभी समाज सेवा संगठन से जुड़कर काम करने के लिए प्रेरित किया : डॉ कविता पाठक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जयपुरिया इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट के द्वारा कई समाजसेवी संगठनों की संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति को भी आमंत्रित किया गया। इस संगोष्ठी में गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति की महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल ने महासमिति का पक्ष रखा और महासमिति कैसे कार्य करती है इस विषय में सभी को अवगत कराया। महासमिति द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों,विकास कार्यों के बारे में सभी को अवगत कराया। भविष्य में जो भी योजनाएं हैं, महासमिति के वार्षिकत्सव में रक्षा मंत्री और उप मुख्यमंत्री को दिया गया मांग पत्र के बारे में भी सभी को अवगत कराया। इस संगोष्ठी में लखनऊ एवं अन्य प्रदेशों से आए हुए कई संगठनों एवम् एनजीओ ने भाग लिया एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में सभी को अवगत कराया। अंत में डॉ कविता पाठक डायरेक्टर जयपुरिया इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट से सार्वजनिक रूप से जयपुरिया के बच्चों को सभी समाज सेवा संगठन के साथ जुड़कर



काम करने के लिए कहा। इस कार्यक्रम में ओम शंकर तिवारी ,डॉ हरमेश चौहान जी एवं महासमिति कर्नल ए एन पाण्डेय ,आलोक मिश्रा ,डॉ अरुणेंद्र त्रिपाठी ,राम नाथ शुक्ला ,धर्मेंद्र सोनी ,श्याम उपाध्याय, विवेक शुक्ला, नंदिनी मिश्रा , अविनाश पाण्डेय एवं जयपुरिया इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट के प्रोफेसर एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## आरोपीगण को विभिन्न धाराओं में आजीवन कारावास व चार लाख दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना लाईनबाजार के जघन्य अपराध में मानिटरिंग सेल जनपद जौनपुर की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी से आरोपीगण को विभिन्न धाराओं में कुल मिलाकर आजीवन कारावास व चार लाख दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। दिनांक 02.03. 2016 को समय रात्रि 10:00 बजे अभियुक्तगण द्वारा ओमप्रकाश को गोली मारकर हत्या कर दिये जाने के सम्बन्ध में वादी मुकदमा प्रमोद यादव की लिखित तहरीर पर थाना लाईनबाजार में मु0अ0सं0 466/2016 धारा 3/25 आयुध अधिनियम व 302 भा0द0वि0 पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपीगण के विरूद्ध आरोप–पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। जघन्य अपराधों पर नियंत्रण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दण्डित कराने के लिए उक्त अभियोग को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कराते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जौनपुर द्वारा अपने निकट पर्यवेक्षण में माननीय न्यायालय मे विचारण के दौरान सम्यक पैरवी एवं गवाहों का तत्परता से परीक्षण पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के कुशल नेतृत्व में मानिटरिंग सेल द्वारा सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप दिनांक 17/05/2022 को माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ, जौनपुर द्वारा अभियुक्तगण 1–पंचमुखी, 2– विक्रम सिंह, 3– नखडू सिंह, 4–पवन गुप्ता प्रत्येक को धारा 302 भा0द0वि0 के तहत आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को एक लाख रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्तगण को दो वर्ष के अतिरिक्त कारावास का दण्ड भुगतना होगा। अभियुक्त पंचमुखी को धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत 03 वर्ष साधारण कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड की धनराशि चार लाख दस हजार रुपये में से दो लाख रुपये मृतक ओमप्रकाश यादव की पत्नी सविता यादव को प्रतिकर के रुप में प्रदान किया जायेगा। सभी सजायें साथ–साथ चलेंगी। धारा 428 दं0प्र0सं0 के तहत वर्तमान प्रकरण में जेल में निरुद्ध रहते हुए व्यतीत की गयी किसी भी अवधि का समायोजन वर्णित दण्डदेश में किया जायेगा।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो शातिर चोरों को थाना मड़ियाहूं पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर श्री अजय साहनी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ श्री अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में आपराधियों की गिरफ्तारी ,आपराध की रोकथाम के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मड़ियाहूँ के उ0नि0 कश्यप कुमार सिंह मय हमराह के देखभाल क्षेत्र में मामूर थे कि मुखबिर खास ने सूचना दिया कि दो मो0सा0 चोर चोरी की मो0सा0 लेकर बेलवा कि तरफ से शीतलगंज आने वाले है। सूचना पर उक्त टीम द्वारा सत्तीमाई तिराहे पर गाडाबन्दी की गयी। जब कस्बा मडियाहूँ के तरफ से आते हुये दो मो0सा0 दिखा दी तो टीम द्वारा एक बारगी दविश देकर दोनो मोटर साईकिलो को रोक लिया गया नाम पता पूछते हुये मो0सा0 के कागजात तलब किये गये तो एक ने अपना नाम हाकिम उर्फ विवेक पुत्र नन्हेलाल ग्राम ब्रम्हदेवा थाना मडियाहूँ जौनपुर उम्र 18 वर्ष बताया तथा दूसरे ने अपना नाम बब्बू सिह उर्फ विवेक सिह पुत्र प्रेम प्रताप सिह ग्राम रमदेवा मोकलपुर थाना मडियाहूँ जौनपुर 1. हाकिम उर्फ विवेक की जामा तलाशी ली गयी तो जामा तलाशी से उसके कब्जे मे एक अदद मो0सा0 HF डिल्कस व रंग सोलो बिलियन वाहन पर आगे पिछे रजिस्ट्रैशन नं0 नही है चेचिस नं0 MBLHAW033KHA03530 इंजन नं0 HA11ENKHA11911 बरामद हुई जिसके सम्बन्ध मे हाकिम उर्फ विवेक द्वारा बताया गया कि जिसे मैने कुछ दिन पहले बरसठी से चुराया था मेरे पास गाडी का कोई कागजात नही है । बब्बू सिह उर्फ विवेक सिह की जामा तलाशी से




एक अदद मो0सा0 सुपर स्पेलेण्डर व रंग काला जिसके नम्बर प्लेट पर UP 62 ए एच 84 अंकति है चेचिस नं0 के शुरु के कुछ अंक घिसा अस्पष्ट है शेष अंक AR03XH9M35731 तथा इंजन नं0 JA05EGH9M35926 अंकित पाया गया । बब्बू सिह उर्फ विवेक सिह से पूछने पर बताया गया कि मेरी गाडी भी चोरी की है मेरे पास इसके कागज नही है कडाई से पूछने पर की गाडी पर नम्बर गलत तथा चेचिस नं0 क्यो मिटाया गया है कुछ नही बता रहा था तथा दोनो युवक को अपने गलती की बार बार माफी माग कर छोडने का अनुरोध किया जा रहा था । हाकिम तथा बब्बू सिह उपरोक्त बता रहा था कि साहब आज हम लोग दोनो गाडियो को जौनपुर मे बेचने के लिए ले जा रहे थे कि आप लोगो द्वारा पकड लिया गया । अभि0गण का यह कार्य अन्तर्गत धारा 41/411/414 भा0द0वि0 दण्डनीय अपराध है अतः कारण गिरफ्तारी बताते हुये बिती रात्रि समय करीब 20.35 बजे हिरासत पुलिस में तथा वाहनो को कब्जा पुलिस में लिया गया। विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त– 1. हाकिम उर्फ विवेक पुत्र नन्हेलाल नि0 ब्रह्मदेवा थाना मडियाहू जौनपुर। 2. बब्बू सिंह उर्फ विवेक सिंह पुत्र प्रेम प्रताप सिंह नि0 रमदेवा थाना मडियाहू जौनपुर। बरामदगी– 1. 02 वाहन मो0 साईकिल चोरी आपराधिक इतिहासः 1. मु0अ0स0 150/22 धारा 41/411/414 भादवि थाना मड़ियाहँ जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः– 1. उ0नि0 कश्यप कुमार सिंह थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर। 2. हे0का0 कपिल पासवान थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर। 3. का0 आरक्षी सुखनन्दन यादव थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर। 4. का0 भानु यादव राजेन्द्र थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर 5. का0 राजेन्द्र प्रसाद थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर।

## थाना बदलापुर पुलिस ने बलात्कार के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बदालपुर योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 20/2022 धारा 376/506 भादवि के वांछित अभियुक्त सुरेन्द्र चौहान पुत्र मेवालाल नि0 ग्राम बेलावा थाना बदलापुर जौनपुर को मुखबीर की सूचना पर थाना बदलापुर क्षेत्र अंतगर्त बटाऊबीर चौराहे से आज दिनांक 18.05. 2022 समय 8.40 बजे सुबह गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– सुरेन्द्र चौहान पुत्र मेवालाल नि0 ग्राम बेलावा थाना बदलापुर जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीम– 1. उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद थाना बदलापुर जौनपुर मय हमराह।

## थाना सरपतहा जनपद जौनपुर के जघन्य अपराध में सम्यक पैरवी से आरोपी को दोषसिद्ध कर परिवीक्षा पर छोड़ा गया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना सरपतहा जनपद जौनपुर के जघन्य अपराध (एससी/एसटी एक्ट) में जनपदीय पुलिस की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी से आरोपी को दोषसिद्ध कर परिवीक्षा पर छोड़ा गया। दिनांक 03/07/1998 को समय करीब 12.00 बजे दिन को घटित अपराध के संबंध में वादी मुकदमा भंगू धोबी पुत्र नन्हकाई धोबी नि0– कम्भरपुर थाना सरपतहा जनपद जौनपुर की लिखित तहरीर पर थाना सरपतहा में मु0अ0सं0 142/1998 धारा 323/504 भा0द0वि0 व 3(1)10 एस0सी0/एस0टी0 एक्ट पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद जौनपुर द्वारा माननीय न्यायालय में विचाराधीन प्राचीनतम वादों को निस्तारित कराने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दण्डित कराने हेतु उपर्युक्त अभियोग को जनपदीय पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के कुशल नेतृत्व में मानिटरिंग सेल द्वारा सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप दिनांक 18/05/2022 को माननीय विशेष न्यायाधीश अनुसुचित जाति/अनुसुचित जन जाति अत्याचार का निवारण अधिनियम जौनपुर द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्त उदयभान सिंह पुत्र राम दुलार सिंह नि0



कम्भरपुर थाना सरपतहा जनपद जौनपुर को धारा 323 भा0द0वि0 में दोष सिद्ध कर 1 वर्ष की अवधि के लिए सदाचार कायम रखने हेतु निम्न शर्तो पर परिवीक्षा पर छोड़ा गया– 1. उदयभान सिंह मु0 20,000/–रूपये का निजी बन्धपत्र व समान धनराशि के दो–दो प्रतिभू जिला परिवीक्षा अधिकारी, जौनपुर के समक्ष निर्णय की तिथि से 07 दिन के अन्दर निष्पादित करें। 2. बन्धपत्र निष्पादित न करने अथवा बन्धपत्र निष्पादित किये जाने के एक वर्ष के अन्दर अभियुक्त द्वारा समान प्रकृति का या कोई अन्य अपराध कारित किये जाने पर इस न्यायालय को यह अधिकार होगा कि वह अभियुक्त को तलब कर उसे दण्डादेश के बिन्दु पर सुनकर उसके विरूद्ध यथोचित आदेश पारित करे और दण्डादेश का अनुपालन सुनिश्चित कराये। 3. अभियुक्त परिवीक्षा अधिकारी या न्यायालय द्वारा तलब किये जाने पर इस दौरान उनके समक्ष उपस्थित आता रहेगा।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की निकाली गई रैली

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत बच्चों द्वारा रैली निकाली गई। आज जूनियर हाईस्कूल टोडरपुर के बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की रैली निकाली गयी।जिसमें जनप्रतिनिधि श्याम बाबू त्रिवेदी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं ग्राम प्रधान टोडरपुर व खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह,ब्लॉक अध्यक्ष जूशिसं टोडरपुर अमित कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद श्रीवास्तव,सतीश चंद्र गुप्ता,अमित पाण्डेय, रूपेश अवस्थी, एआरपी मनोज मिश्रा, संजय कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्याम बाबू त्रिवेदी ने बच्चों को सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया कि वर्तमान सरकार बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ सड़क सुरक्षा हेतु भी संकल्पित है।इस अवसर खण्ड शिक्षा अधिकारी टोडरपुर अशोक कुमार सिंह ने भी बच्चों को सड़क सुरक्षा हेतु यातायात के नियमों के बारे में बताया साथ ही बच्चों से छूटे हुए अपने भाई बहनों का पास के सरकारी स्कूल में नामांकन कराने का भी अनुरोध किया।सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जागरूकता हेतु पेंटिंग व




निबन्ध लेखन भी जूनियर हाईस्कूल टोडरपुर के बच्चों द्वारा किया गया।इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष जूशिसं टोडरपुर अमित कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद श्रीवास्तव,प्र.अ.सतीश चंद्र गुप्ता, शिक्षक राजेश्वर, राजेंद्र प्रसाद, जयश्री,मनोज मिश्रा, संजय कुमार,नागेन्द्र वर्मा,अमित पाण्डेय, रूपेश अवस्थी, प्रियम उपाध्याय, जितेंद्र मोहन, धर्मेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## कर्तव्य का पालन करते हुए भक्ति मार्ग पर चलकर परिवार समाज और देश का कल्याण करें: आचार्य अशोक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : लखीमपुर। शिव सत्संग मण्डल के मंडलाध्यक्ष आचार्य अशोक ने कहा कि ग्रहस्थजन कर्तव्य का पालन करते हुए परिवार ,समाज और देश का कल्याण करें। लखीमपुर के छाउछ चौराहा स्थित बी एन एस ट्रेडिंग कंपनी के पांडाल में मण्डल द्वारा आयोजित वार्षिक धर्मोत्सव में आचार्य जी ने कहा कि आध्यात्मिकता का पुण्य पथ अनगिनत उदाहरणों से भरा पड़ा है।जहां भक्ति मार्ग पर चलकर संतों भक्तों ने परमात्मा को साधा है।महात्मा बुद्ध,स्वामी विवेकानन्द, आद्य शंकराचार्य, स्वामी दयानंद जैसे महान संतों ने इस मार्ग को सुशोभित किया और साधारण मनुष्य को भी परमेश्वर की कृपा का सहज मार्ग दिखाया।कहा कि एक गृहस्थ व्यक्ति के लिए यही उचित है कि वह परिवार, राष्ट्र और समाज के प्रति अपनी अपेक्षित जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए भक्ति मार्ग पर चलता रहे और स्वयं की क्षमतानुसार ज्ञान,भक्ति और कर्म के मार्ग पर अग्रसर हो। लखनऊ मण्डल के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने कहा कि श्रृद्धा और विश्वास के कल्याण स्वरूप भगवान शिव के बिना सिद्धजन अपने अंतःकरण में स्थित ईश्वर को देख नहीं सकते।संसार में जिनका कोई आश्रयदाता नहीं,उसके आश्रयदाता भगवान भोलेनाथ हैं। श्री पांडेय ने कहा कि सतसंगति से सुख होता है और कुसंग से दुःख होता है। इसलिए हमेशा वहां जाना चाहिए जहाँ पर साधु संत हों। क्योंकि वहां पर आनंद ही आनंद होता है। हरदोई के जिला महामंत्री रवि लाल ने बताया कि वेद ज्ञान मनुष्य मात्र को पवित्र करता है।असत्य और अंधविश्वास से मुक्त होकर ही सत्य की राह पर चल सकते हैं। वरिष्ठ सत्संगी रामअवतार ने दान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दानवीर कर्ण,महर्षि दाधीच,राजा शिवि के प्रसंग सुनाए। व्यवस्था प्रमुख यमुना प्रसाद ने कहा कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए भक्ति मार्ग पर चलेंगे तो निश्चित ही उस प्रकाश स्वरूप परमेश्वर का साक्षात्कार कर सकेंगे। शाहजहांपुर के जिलाध्यक्ष डॉ कालिका




प्रसाद ने कहा कि परमपिता शिव के ध्यान और भजन से ही समग्र जीवन का कल्याण किया जा सकता है। हरदोई के जिलाध्यक्ष एवं प्रचारक प्रेम भाई ने बताया कि विविध संस्कृतियों वाले भारावर्ष में ईश्वर की भक्ति से ही मनुष्य भव सागर से पार हो सकता है।सत्संग,सेवा और सुमिरन से ही मुक्ति के मार्ग पर अग्रसर हो सकते हैं। मंडल के संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि सत्संग ही ऐसी पद्धति है जिससे हमारे अन्दर मनुष्यता आती है।जो भक्त पग पग पर प्रभु का स्मरण करता है।वह भक्त समाज के कल्याण में सहायक हो,परमार्थ करता है।सभी लोग ईश्वरीय स्मृति में रहते हुए अपने अपने दायित्व का निर्वहन करें। डॉक्टर नन्हेलाल ने बताया कि सत्संग से व्यक्ति की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।वह कुशाग्र बुद्धि वाला बन कर समाज के कल्याण में सहायक होता है।दलेलापुर के इंस्पेक्टर ने सत्संग की मानव जीवन में उपयोगिता बताई। नर्सियामऊ के राम निवास ने बताया कि परमेश्वर के भजन से जीवन का सर्वोत्कृष्ट लक्ष्य पाया जा सकता है। अधिवक्ता रामौतार ने कहा कि सत्यान्वेषण कर हम शिवोपासना करते हुए स्व कल्याण करें। शाहजहांपुर के रवि कुमार वर्मा के संचालन में हुए धर्मोत्सव का शुभारम्भ धर्म प्रचारक प्रेम भाई ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं सत्संगी श्रीकृष्ण की सामूहिक ईश प्रार्थना से हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सत्संगी हरिओम ने की।बहन प्रतिभा,भैयालाल, श्रीकृष्ण आदि ने प्रेरणादायी भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर लिया। इस धर्मोत्सव में लखीमपुर के जिलाध्यक्ष जमुना प्रसाद, शिव पूजन लाल सेन, रामौतार वर्मा, विमल कुमार, माखनलाल, चेतराम, शिव पूजन लाल प्रजापति, प्रदीप मोहन, रिंकू, बंटू आदि ने धर्मोत्सव को भव्य बनाने में विशेष योगदान दिया।धर्मोत्सव में सत्संग परिवारों के सैकड़ों भैया बहन सम्मिलित हुए। समापन पर सभी सत्संगी जनों ने 27 मई को नरसिया मऊ में शिवोत्सव आयोजित करने का शिव संकल्प लिया।

# ऊर्जा संरक्षण हेतु किसानों को किया गया जागरूक : दर्जनभर से अधिक किसानों को किया गया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा कृषि विज्ञान केंद्र पर मंगलवार को ऊर्जा संरक्षण को लेकर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में किसानों दर्जनभर से अधिक किसानों को सम्मानित भी किया गया। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा विकास अभियंत्रण द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश नेडा विशेषज्ञ प्रभाकर कुमार झा ने मौजूद प्रशिक्षकों को सोलर ऊर्जा, सोलर पम्प, सोलर लाइट की विस्तृत जानकारी दी। नेडा के प्रोजेक्टर कोआडीनेटर प्रभाकर कुमार झाँ ने शिविर में ऊर्जा को बचाने एवं उसके संरक्षण के लिए किसानो को यूपी नेडा ऐप को डाउन लोड करने की जानकारी प्रदान की। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार कनौजिया ने किसानों को सौर ऊर्जा की उपयोगिता बताई। उन्होंने कहा कि किसान बिजली पर निर्भर होने के बजाय सौर ऊर्जा की तरफ बढ़े तो बेहतर होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार सिंह व संचालन वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार के किया। इस दौरान प्रगतिशील किसान रामजीत मौर्या, गुलाबचंद यादव, इन्द्रसेन सिंह, दिनेश यादव, निर्मला पाण्डेय सहित दर्जनभर से अधिक किसानों को सम्मानित किया गया। इस दौरान वैज्ञानिक डॉ. राजीव कुमार सिंह, डॉ. अनिल कुमार ने भी संबोधित किया।

# सिकरारा के शिक्षक अनुदेशक व शिक्षामित्रों ने कम्पोजिट विद्यालय लखौवाँ दुर्घटना में मृत रसोइयाँ का किया आर्थिक सहयोग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कम्पोजिट विद्यालय लखौवाँ के रसोईया विजय गौतम की 17 मार्च होली के दिन,ट्रक के चपेट में आने से मृत्यु हो गयी थी।परिवार में पत्नी के अलावा एक 12 साल का एक बेटा है।भाई अलग रहते हैं।उनकी दयनीय स्थिति को देखते हुए,विद्यालय की प्रधानाध्यापिका निर्मला यादव एवं पूरे स्टाफ के निवेदन पर,विद्यालय के ही सहायक अध्यापक श्री टी एन यादव(पूर्व नौसैनिक) जिला कोषाध्यक्ष/ब्लॉक अध्यक्ष अटेवा सिकरारा जौनपुर ने रसोइयाँ के लिए आर्थिक मदत का आव्हान किया।इस आर्थिक सहयोग को सिकरारा के शिक्षक, शिक्षामित्र,अनुदेशक ने हाथों हाथ ले लिया।आर्थिक सहयोग के इस अभियान में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।करीब 200 शिक्षक,अनुदेशक एवं शिक्षामित्रों ने अपने अमुल्य सहयोग के रूप में ध92000 एकत्रित कर पीड़ित परिवार को दिया। ज्ञात हो विद्यालय के रसोइयों को मात्र ध1500 रुपए प्रति माह मानदेय के रूप में मिलता है।जिससे एक परिवार का जीवन यापन किसी तरह किया जा सकता है।किसी भी आपात स्थिति को निपटने के लिए उनके पास सरकार की तरफ से कोई भी आर्थिक सहयोग का प्रावधान नहीं है।ऐसी स्थिति में इस परिवार को सहयोग की त्वरित आवश्यकता थी।इसी को मद्देनजर रखते हुए यह सहयोग अभियान सिकरारा के शिक्षक,शिक्षामित्र और अनुदेशकों ने पीड़ित परिवार के मदद के लिए,अपना हाथ बढ़ाया और यह अभियान पीड़ित परिवार की मदत करने में सफल



रहा। विद्यालय में श्रद्धांजलि देकर शोकसभा आयोजित कर मृतक विजय कुमार की पत्नी सुनीता देवी को ध92000 सहयोग राशि के रूप में दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सिकरारा राजीव कुमार ने अपने संदेश में कहा कि यह एक बेहद पुनीत कार्य है, शिक्षकों ने जो सहयोग राशि प्रदान की है उससे परिवार को बल मिलेगा और विषम परिस्थितियों में उनके काम आएगा ।इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ विकासखंड सिकरारा के अध्यक्ष देशबंधु यादव ,मंत्री संतोष कनौजिया, प्राथमिक शिक्षक संघ विकास खंड सिकरारा के अध्यक्ष धीरेंद्र यादव सहित डॉ कृपानिधि, रिजवान सिद्दीकी, रामचंद्र यादव, रविंद्र कुमार, शरद यादव, जय किशन ,विनोद कुमार , डॉ०संजय रजक, बालेंद्र यादव, रमेश मौर्या, अरविंद यादव, एनपीआरसी अनंत यादव,राजकुमार ,तेरसू राम ,छोटेलाल, चंद्रशेखर यादव,सुषमा सरोज,शिक्षामित्र कमलेश कुमार सहित सैकड़ों शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित रहे।साथ ही सभी ने एक स्वर में भविष्य में भी परिवार को कठिन परिस्थितियों में मदद करने का आश्वासन दिया।

# लोकमंगल के पत्रकार थे देवर्षि नारदः डा. मनोज मिश्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में मंगलवार को देवर्षि नारद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आदि पत्रकार नारद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने देवर्षि नारद को सृष्टि का प्रथम संचारक कहा। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रो. रामनारायण ने कहा कि देवर्षि नारद दुनिया के पहले संचारक थे। साथ ही उन्हें सृष्टि का पहला संवाददाता भी कहा जाता था जो अपना काम पूरे ईमानदारी के साथ संपादित करते थे। जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मनोज मिश्र ने कहा कि देवर्षि नारद पत्रकारिता के प्रथम निडर पत्रकार थे। शिखर पुरुष एवं नीतियों को संबंधित व्यक्ति या समाज तक बेबाक रूप से पहुंचाते थे। उनकी पत्रकारिता में लोकमंगल निहित होता था। उनके लोकहित और लोकमंगल की पत्रकारिता के प्रमाण प्राचीन ग्रंथों में मिलते हैं। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डा. सुनील कुमार ने कहा कि आज की पत्रकारिता में टेबिल रिपोर्टिंग का



दौर चला है। महर्षि नारद हमेशा स्पाट रिपोर्टिंग करते थे। वह अपनी बात को बिंदास होकर प्रेषित करते थे। इसके पूर्व विभागाध्यक्ष मनोज मिश्र ने मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डा. दिग्विजय सिंह राठौर, डा. अवध बिहारी सिंह ने भी विचार व्यक्त किए।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा तहसील शाहगंज का गहनता से किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा तहसील शाहगंज का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यालय तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो, सब रजिस्टार कक्ष के विभिन्न पटलों का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 05 साल से लंबित फाइलों को देखा और स्थलीय निरीक्षण कर मुकदमों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि कार्यालय में सभी फाइलें रजिस्टर्ड रहे। धारा 145 में 198 मामले लंबित मिले, जिसे जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी के द्वारा कार्यालय चकबन्दी निरीक्षण के दौरान पाया कि फाइलों का रख–रखाव सही ढंग से नहीं किया गया, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सीओ एवं एसीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि देने एवं निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिलने पर चकबंदी अधिकारी का आज का वेतन रोकने का निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया। अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि बस्ते सुव्यवस्थित ढंग से रखे जाएं और खसरा खतौनी अपडेट रहें। फायर यंत्र को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पटलो पर गार्ड फाइल एवं ऑडिट फाइल अनिवार्य रूप बनी रहे। दाखिल खारिज के फाइलों का अभियान चलाकर निस्तारण करने के निर्देश उपजिलाधिकारी शाहगंज नीतीश कुमार सिंह को दिया। जिलाधिकारी द्वारा मीटिंग हॉल में सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में पोस्टर एवं पेंटिंग कराने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए गए। उन्होंने तहसील के बड़े बकायेदारों की जानकारी प्राप्त की और उनसे वसूली करने के लिए निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी अमीन वसूली कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्युत की वसूली सहित अन्य मदो में तेजी लाई जाए। कर्मचारियों के जीपीएफ पुस्तकों को अपडेट करने के निर्देश दिया। उप जिला अधिकारी को निर्देश दिया कि आय, जाति के प्रार्थना पत्र पेंडिंग न रहे। पिलकिछा एवं सुरिस गांव में नक्शे की स्थिति सही नहीं पाई और पाया कि लेखपाल के द्वारा इसका रख–रखाव सही ढंग से नहीं किया गया जिस पर उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि उक्त गांव का निरीक्षण कर रिपोर्ट दें। चकबंदीकर्ता राजाराम के द्वारा फाइलों का रख–रखाव बहुत अच्छे ढंग से किया गया था, जिस पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उत्कृष्ट प्रविष्टि देने का निर्देश उप जिलाधिकारी को दिया। इस अवसर पर तहसीलदार महेंद्र बहादुर, नायब तहसीलदार अमित कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विधायक ने भूमि पूजन कर अमृत सरोवर की खोदाई का किया शुभारंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चकबेशहूदास माफी गाँव में मंगलवार को शाहगंज विधयाक रमेश सिंह ने प्रधानमन्त्री की महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवर के तहत खोदे जाने वाले तालाब का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। पंडित सुबाष चन्द्र उपाध्याय ने वैदिक रीति से मंत्रोच्चार के



साथ पूरे बिधि बिधान से स्थल का पूजन कराया। विधायक ने कहा कि जल के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। भूगर्भ जलस्तर लगातार नीचे खिसक रहा है। यही हाल रहा तो आगामी भविष्य में वैश्विक स्तर पर पानी के लिए हाहाकार मचना तय है। ऐसी परिस्थिति में हमे सबसे पहले जल का दुरुपयोग रोकना होगा। घरों व बरसात के पानी को इकट्ठा कर वाटर रीचार्जिंग की ब्यवस्था करनी होगी। वाटर रीचार्जिंग से हमारा आशय है, हम जितना पानी जमीन के भीतर से निकाल रहे है। उतना फिर से भूगर्भ तक पहुंचे। इसी को लेकर केंद्र व राज्य सरकार गांवों में तालाब की खोदाई करा रही है। यहां इकट्ठा हुआ पानी भूगर्भ तक जाता रहेगा। इससे हम आने बड़ी समस्या को आसानी से टाल सकते है। इस मौके पर श्रीकृष्ण पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष वंश बहादुर पाल, अजित सिंह, अशोक पाण्डेय, राजाराम उपाध्याय, प्रधान बिंदु वर्मा , पप्पू सिंह, राम कुमार उपाध्याय,अन्नू दूबे, सूरज पाल, प्रदीप मिश्रा, बीईओ अरविन्द कुमार यादव, आदि मौजूद रहे।

# मेदपुर बनकट गाँव के पंचायत भवन मीटींग हाल का हुआ उद्घाटन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ग्राम पंचायत मेदपुर बनकट के पंचायत भवन का नवनिर्मित मिटींग का हाल का उद्घाटन सर्वोदय इण्टरमीडिएट कालेज मीरगंज की प्रबन्धक भारती सिह ने फीटा काटकर किया । मछलीशहर ब्लाक के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मेदपुर बनकट के पचायत भवन पर पंचायत विभाग ने मिटीग हाल का निर्माण कराया है जिसका उद्घाटन सर्वोदय इण्टरमीडिएट कालेज मीरगंज की प्रबन्धक भारतीया सिह ने फीता काट। कर किया उद्घाटन से पहले ग्राम प्रधानमन्त्री ने उनका माल्यार्पण करके स्वागत किया इस मौके पर ग्राम प्रधान सुशीला देवी यादव पत्नी शेरबहादुर यादवसचिव ओम प्रकाश अरुण कुमार सिंह,डॉ संतोष सिंह, शंभू नाथ यादव, (पूर्व प्रधान)मनोज सिंह,प्रमोद सिंह,शेरबहादूर यादव,विजय प्रताप सिंह,विजय यादव,अजय सिंह, मौजूद रहे।

## शासन से खाद्यान्न की कालाबाजारी की जांच शुरू

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खाद्यान्न माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर राशन की कालाबाजारी करने का प्रकरण सामने आने के बाद शासन के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एं आर ओ द्वारा जांच शुरू की गई हे।जांच होने की जानकारी होने के बाद खाद्यान्न माफियाओं में हड़कम्प मच गया हैं। नगर पंचायत मछलीशहर के रामहित ने एक खाद्यान्न माफिया की कुछ दिन पूर्व शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि खाद्यान्न निकासी का सरकारी ठेकेदार ना होने के कारण एक माफिया द्वारा बिना किसी आधार के विक्रेताओं का शोषण किया जा रहा है और खाद्यान्न कालाबाजारी करने के लिए विक्रेताओं पर दबाव बनाकर बड़े पैमाने पर खुले बाजार में गरीब जनता का राशन बेच दिया जा रहा है। खाद्यान्न की निकासी उक्त द्वारा करवाई जाती है और उन विक्रेताओं को निकासी में प्राथमिकता दी जाती है जो खाद्यान्न की कालाबाजारी और उसके डायवर्जन में सहयोग करते हैं और जिन विक्रेताओं के द्वारा ऐसा नहीं किया जाता उनको खाद्यान्न निकासी हेतु बार–बार गोदाम पर बुलाकर बिना खाद्यान्न दिए ही वापस कर दिया जाता हे। बसपा सरकार के मंत्री रहे सुभाष पांडेय द्वारा अपने कार्यकाल में मिट्टी के तेल की कालाबाजारी किए जाने के कारण प्रथम सूचना रिपोर्ट उक्त पर थाना मछलीशहर में करवाया गया था। इन दोनों प्रकरणों के बावजूद भी अभी तक खाद्यान्न माफियाओं को गोदाम पर प्रसय दिया जा रहा है जिससे इनका मनोबल बढ़ता जा रहा है। सरकार का सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा एमडीएम ,आंगनबाड़ी तथा विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ कार्ड धारकों, विद्यालयों के बच्चों को देने का जो संकल्प है उसमें बाधा उत्पन्न हो रही है। जिसकी जांच के लिए अनु सचिव दयाराम द्वारा जिलाधिकारी जौनपुर को पत्र जारी किया गया हैं। जिलाधिकारी ने ए आर ओ समेत विभाग के अधिकारियों को जांच सौप कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है । जिसकी जांच शुरू होते ही खाद्यान्न माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

# पिता करते रहे इन्तेजार बेटे की आई मौत की खबर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गोदान एक्सप्रेस ट्रेन से मुंबई से शाहगंज स्टेशन पर पहुंचे पिता को लेने के लिए आ रहे पुत्र की सड़क दुर्घटना मौत हो गई। स्टेशन पर बेटे के इन्तेजार में बैठे बाप को जब उसकी मौत की मनहूस खबर लगी तो उनके पाँव के नीचे से जमीन खिसक गई। बदहवास पिता अस्पताल पहुंचे। सुल्तानपुर जनपद के अखण्ड नगर थानान्तर्गत नगरी गाँव निवासी इंदल कुमार (32) अपने पिता काली प्रसाद को शाहगंज रेलवे स्टेशन से लेने के लिए आ रहा था। बाबपुरवा गाँव के समीप बाइक असंतुलित होकर इलेक्ट्रॉनिक रिक्शे से टकराते हुए सड़क किनारे खाई में पलट गई। जिसमें इंदल गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण उपचार के लिए राजकीय पुरुष चिकित्सालय लाए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर बेटे के इन्तेजार में स्टेशन पर बैठे पिता ने जब फोन करके देर होने का कारण जानने का प्रयास किया तो फोन पर किसी दूसरे ने उन्हें मनहूस खबर दी। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जिलाधिकारी द्वारा थाना कोतवाली शाहगंज का निरीक्षण किया गया

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा थाना कोतवाली शाहगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, एससी एसटी एक्ट रजिस्टर का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने पाया कि विवेचना की स्थिति बहुत अच्छी है, जिस पर उन्होंने सराहना भी की। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि पास्को एवं महिला अपराध के संबंध में त्वरित कार्यवाही की जाए और संपूर्ण समाधान पर आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा माल खाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में हथियारों के रख–रखाव सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शाहगंज नीतीश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आइडिया हंट 2021 प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की हुई स्क्रीनिंग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के क्रम में "आइडिया हंट 2021 " प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ डायट परिसर में, डायट प्राचार्य आदरणीय श्री मनीष कुमार सिंह ने किया। इस प्रतियोगिता में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के नवाचार के लिए सभी प्रतिभागियों ने अपना विचार रखा । शिक्षण अधिगम प्रक्रिया तथा मूल्यांकन प्रक्रिया में वर्तमान समय में क्या–क्या कमियां हैं तथा नव विचार से उसको कैसे दूर किया जा सकता है। इस संबंध में सभी प्रतिभागियों ने अपना–अपना सृजनात्मक विचार प्रस्तुत किया । इस प्रतियोगिता में अधिक संख्या में डायट प्रशिक्षु तथा निजी डीएलएड संस्थान के प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया । जिसमें स्क्रीनिंग के माध्यम से निम्नलिखित प्रशिक्षुओं का चयन किया गया । श्रद्धा दुबे, अंकित अस्थाना, प्रेमचंद्र सरोज, आराध्या श्रीवास्तव, अभिषेक दुबे, गौरव यादव, इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता



रवींद्रनाथ यादव, अजय कुमार मिश्र, मूल्यांकनकर्ता श्रीमती किरण त्रिपाठी, अखिलेश कुमार मौर्य , तथा डायट के समस्त प्रवक्ता ह्यूमाना से चंद्रशेखर तथा तकनीकी सहयोग के लिए ब्रजबंधु साहू उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन प्रवक्ता धर्मेन्द्र कुमार शर्मा तथा सोनू भारती द्वारा किया गया।

# जल संरक्षण के लिए सभी को आना होगा आगे –चन्दन

जलालपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : जल ही जीवन है और जल के बिना इस धरती पर जीवन संभव नही है।जल मनुष्य के लिए ही नही बल्कि पशु पक्षियों जंगली जानवरों के लिए भी जरूरी होता है।जल ईश्वर की अनमोल धरोहर होती है।जिसे ईश्वर ने सम्पूर्ण प्राणी जगत के प्राण संचार बनाये रखने के स्वयं पैदा किया है।उक्त बातें भोजपुरी फिल्म अभिनेता व समाजसेवी चन्दन सेठ ने बुद्धवार को प्रेसवार्ता के दौरान कही।श्री सेठ कहते हैं भूखे को भोजन और प्यासे को पानी उपलब्ध कराना ईश्वर की पूजा के सामान होता है।एक समय था जब राजा महाराजा सेठ साहूकार दानी लोग तालाब सगरा और पौशाला चलवाकर लोगों की प्यास बुझवाकर पुण्य कमाते थे।उस समय हैंडपंप समरसेबल नलकूप नही होते थे।पानी की सबसे ज्यादा जरूरत गर्मी के दिनों में होती है और हर आदमी को कम से कम दस से बारह लीटर पानी की जरूरत पड़ती है।मनुष्य की तरह पशु पक्षियों का जीवन भी बिना पानी के संभव नही है। इसलिए मनुष्य की तरह पशुओं के लिए पानी की नितांत आवश्यकता होती है।पालतू पशुओं के लिए तो पानी की व्यवस्था उसका पालक करता है लेकिन जो जंगली छुट्टा लावरिसों के लिए नदी नाले झरने तालाब तलैय्या होते हैं।इस तालाबों तलैय्यों नदियों झरनों नालों में पानी की आपूर्ति व्यवस्था ईश्वर खुद बरसात के रूप में करते हैं।जिससे उनमें हमेशा पानी विद्यमान रहता है।समय के बदलाव के साथ मनुष्य की कार्यशैली में भी बदलाव आने से जंगल समाप्त हो रहे हैं और देशी बगीचों की जगह कलमी गमले में पेड़ लगने लगे है।जंगल पहाड़ एवं बाग बगीचों के अभाव के फलस्वरूप बरसात कम होने लगी है और जमीन का जलस्तर बढ़ने की जगह तेजी से गिरने लगा है।स्थिति दिनों दिन भयावह होती जा रही है और तमाम स्थानों पर पानी की समस्या पैदा होने लगी है।सरकार समस्या से निपटने के लिए अपनी तरफ से युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर जल का संवर्दधन एवं संरक्षण करने का प्रयास कर रही है।जल संरक्षण और जंगली पशु–पक्षियों जानवरों के लिए गांव के तालाबों की खुदाई करवा रही है और नदियों की सफाई भी हो रही है।सरकार करोडों



अरबों रूपये खर्च करके तालाबों की खुदाई भले करवा रही हो लेकिन उसका कोई लाभ नही मिल पा रहा है।बरसात कम होने से वह भर नही पाते हैं और बाहरी पानी जाने का रास्ता नही है।जल ग्रहण करने के लिए जो व्यवस्था की गई है वह अस्वाभाविक है जिसकी वजह से बाहरी पानी उसमें नही आ पा रहा है।जो बरसाती पानी इकट्ठा भी होता है वह चौत बैसाठ अप्रैल मई लगने के पहले ही सूख जाता है।इस समय भीषण गर्मी के चलते हर तरफ पानी की मांग बढ़ गयी है।तालाबों झीलों में पानी न होने से जंगली पशु पक्षियों को जान बचाने के लाले पड़े हैं और वह जान जोखिम में डालकर गांव की आबादी में घुसकर प्यास बुझाने के लिए मजबूर हो गये हैं।हर साल अप्रैल लगते ही मुख्य तालाबों में सरकार ग्राम पंचायतों के माध्यम से पानी भरवा देती थी लेकिन इस बार अभी इसकी शुरूआत ठीक से नही हो सकी है।जंगली जानवरों पशु–पक्षियों की जान बचाना मानव धर्म एवं सरकार का कर्तव्य बनता है।इस समय पशुओं के लिए घर से थोड़ी दूर पर नाँद आदि में पानी रखकर कोई भी आदमी पुण्य का भागीदारी बन सकता है।पक्षियों के लिए घर के आँगन या छत पर खुले में पानी रखकर मनुष्य के साथ जीने मरने वाले पक्षियों की जान बचाना चारों धाम या हज के बराबर है।आज जहां हम विकास के दौर में हम बुलंदियों पर पहुंच गए हैं वहीं मानवीय धर्म संस्कृति के मामले में गिरते जा रहे हैं और जलवायु परिवर्तन हो चाहे वातावरण प्रदूषण या जल संकट बरसात हो उसके लिए हम आप सबसे पहले खुद कहीं न कहीं स जिम्मेदार हैं।

# भारत वैभव पार्टी ने चन्द्रेश दुबे को जौनपुर सदर से लोक सभा प्रत्याशी किया घोषित

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : भारत वैभव पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चन्द्रेश दुबे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए जानकारी देते हुए कहा कि भारत वैभव पार्टी के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय ने मुझे उत्तर प्रदेश में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव सन 2024 मे जनपद जौनपुर लोकसभा क्षेत्र सदर संख्या 73 से पार्टी ने उम्मीदवार घोषित किया है । इस दौरान पार्टी के उम्मीदवार चन्द्रेश दुबे ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते है और उन्हें यह विश्वास दिलाते है कि भारत वैभव पार्टी ने जो हमारे उपर विश्वास जताया है उस विश्वास को हम निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेंगे अन्त मे श्री चन्द्रेश दुबे ने कहा कि भारत वैभव पार्टी जनता जनार्दन के हित एवं उनके सहयोग के लिए बनाई गई है भारत वैभव पार्टी का एक एक कार्यकर्ता हमेशा जनता जनार्दन के



साथ उनके सुःख दुःख में है और उनके हक की लडाई हमेशा लडेगी और उन्हें उनका हक दिलाते हुए उनके साथ हो रहे अन्याय और भ्रष्टाचार को जड से खत्म करेगी।

# अपहरण कर सामूहिक बलात्कार करने वाले आरोपियों को कारावास व अर्थदण्ड से किया दण्डित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अवगत कराना है कि वर्ष 2017 में थानाक्षेत्र भोपा में अभियुक्तगण द्वारा वादिया की नाबालिक पुत्री का अपहरण कर सामूहिक बलात्कार किया गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना भोपा पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त अभियोग में मॉनिटरिंग सैल द्वारा माननीय न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई, जिसके परिणाम स्वरूप आज दिनांक 18.05.2022 को माननीय न्यायालय पोक्सो कोर्ट– 01 द्वारा अभियुक्तगण को 20–20 वर्ष का कारावास तथा 45–45 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। दण्डित किए गए आरोपियों का नामः– 1. रफीक पुत्र शफीक निवासी मौहल्ला पठानपुरा कस्बा व थाना देवबन्द, सहारनपुर। 2. मुस्तफा अली पुत्र मुखत्यार निवासी जमशेद कालौनी कस्बा व थाना खतौली, मुजफ्फरनगर।

# जेष्ठ के पहले दिन का पहला मंगल : हनुमान गढ़ी पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने पढ़ी हनुमान चालीसा

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : देश में अजान और हनुमान चालीसा को लेकर हुए विवाद कर बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु खासकर युवाओं में हनुमान चालीसा के प्रति आस्था बढ़ा है। जिसके कारण आज जेष्ठ के पहले मंगलवार पर अयोध्या के हनुमान गढ़ी पर बड़ी संख्या में पहुंचकर हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। आज जेष्ठ का पहला दिन और पहला मंगलवार है। जिसको लेकर सुबह से ही लाखों की संख्या में अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं ने सरयू में स्नान कर हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन कर रहे है। तो वही इस दौरान हनुमानगढ़ी परिसर में पहुंचे श्रद्धालु हर तरफ बैठे और हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं तो परिक्रमा करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। और पर्व को लेकर अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दिया गया है। हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर में भी बड़ी संख्या पुलिस बल के जवान तैनात हैं। तो वही अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए रूट डायवर्जन भी लागू किया गया है। हनुमानगढ़ी पहुंचे युवा सुभाष ने बताया कि आज मंगलवार के दिन हम सभी अपने साथियों के साथ हनुमान जी के दर्शन के लिए पहुंचे हैं। जहां पर हनुमान जी का दर्शन करने के बाद राम अलावा अन्य मंदिरों में भी दर्शन पूजन के लिए जाएंगे। वही बताया कि मंगलवार का दिन होने के कारण आज हम सभी साथी एक साथ हनुमान चालीसा का भी पाठ किए हैं। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि भक्तों के लिए साधक है राम भक्त हनुमान, जेष्ठ माह में भगवान शिव और परशुराम जी के अनादिकाल से पूजा का विधान है। और विष्णु के अवतार भगवान श्री राम है। और उनके सबसे बड़े भक्त हनुमान जी माने जाते है। इसलिए इस माह में उनकी भी पूजा का विधान है भक्त हनुमान जी भक्तों में अग्रगण्य है इसलिए भक्त उनको अपना साधक मानकर इस माह में उनकी आराधना हो पूजन करते हैं अब मंगलवार उनके जन्म दिवस का दिन माना जाता है इसलिए मंगलवार को भक्त उनकी सेवा ने पहुंचते हैं। जेष्ठ का मंगल पवित्र और सुखदाई। आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि या बड़े सौभाग्य की बात है आज से प्रारंभ हो रही जेष्ठ माह का पहला दिन है और पहले ही दिन मंगलवार भी है। और इस माह में पढ़ने वाला सभी मंगल सुखदाई होता है क्योंकि मंगलवार को ही भगवान हनुमान जी महाराज का जन्म हुआ था आज जो भी भक्त मन जेष्ठ के इस मंगलवार को उनकी पूजा आराधना करता है उनके सभी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं।

# पीएम किसान निधि हेतु किसान अपने कागजात दुरूस्त कराये –मण्डलायुक्त

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों में से अधिकांश लाभार्थी जिनको एक या एक से अधिक किस्तें प्राप्त हो चुकी है। किन्तु उनका आधार नम्बर इन्वैलिड होने अथवा पोर्टल पर आधार कार्ड के अनुसार नाम न फीड होने या गलत नाम फीड होने तथा योजनान्तर्गत अपात्र होने के बावजूद गलत घोषणा पत्र देकर लाभ प्राप्त करने एवं अन्य कारणों से वंचित लाभार्थियों को किस्तों का भुगतान समय से प्राप्त होता रहे इसके लिए पी0एम0 किसान सम्मान निधि समाधान अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में लाभार्थियों का ग्राम स्तर पर सोशल आडिट भारत सरकार/शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के दिशा–निर्देशों के अनुसार दिनांक 01 मई 2022 से प्रारम्भ हो गया है, जो 30 जून 2022 तक जारी रहेगा। सोशल आडिट के अन्तर्गत ग्राम सभा में सूची पढ़कर सुनाते समय ऐसे लाभार्थी, जो भूमिहीन है, अथवा मृतक हो गये है, अथवा अन्य कारणों अपात्र हैं, को चिन्हित किया जायेगा। भूमिहीन के प्रकरण में मौके पर उपस्थित लेखपाल सत्यापन करेगे तथा मृतक लाभार्थियों का मृत्यु प्रमाण–पत्र सचिव ग्राम पंचायत द्वारा कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों को उपलब्ध करायेगे। मृतक लाभार्थी के वारिसान का कृषि भूमि उनके नाम हस्तान्तरित हो जाने की दशा में पात्रता के आधार पर पूर्व प्रदत्त निर्देशों के अनुसार घोषणा पत्र भरवाते हुए ओपेन सोर्स से पंजीकरण कराया जायेगा। सूची में ऐसे परिवार (पति पत्नी एवं नाबालिग बच्चे) जिनमें एक से अधिक व्यक्ति पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं, का चिन्हिकरण करते हुए अन्य सदस्यों का स्टाप पेमेण्ट करने हेतु कार्यवाही की जायेगी। किसी एक ग्राम की उपलब्ध सूची में ऐसे कृषक भी हो, जो वास्तव में उस ग्राम तहसील अथवा जनपद के निवासी न होकर किसी अन्यत्र स्थान के निवासी है, परन्तु उनकी भूमि उस ग्राम में है, ऐसे कृषकों को आवासीय पते के आधार पर अपात्र नहीं किया जायेगा, अपितु संबंधित ग्राम के भू–अभिलेखों के आधार पर इनकी पात्रता की जांच करते हुए निर्णय लिया जायेगा। अतएव अयोध्या मण्डल के समस्त लाभार्थीजनों/किसान भाईयों, जिनका ई–के0वाई0सी0 किन्ही कारणों से अभी तक नहीं हो सका है, से अनुरोध है कि वे तत्काल मोबाइल/कम्प्यूटर पर ओ0टी0पी0 आधारित सत्यापन प्रक्रिया (आधार रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर) अथवा बायोमैट्रिक सत्यापन प्रक्रिया (जनसेवा केन्द्र से) केवाईसी अवश्य करा लें। किसी समस्या के समाधान हेतु अपने जनपद के उप कृषि निर्देशक अयोध्या 7905471845, अम्बेडकरनगर 9453947051, सुलतानपुर 9984545000, अमेठी 7839882410 तथा बाराबंकी 7007911769 के मोबाइल नम्बर पर संपर्क कर सकते है।

# अयोध्या विकास प्राधिकरण बोर्ड की 80वीं बैठक हुई सम्पन्न

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : अयोध्या विकास प्राधिकरण बोर्ड की 80वीं बैठक विकास प्राधिकरण के सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें होटल के नक्शे को स्वीकृत करने में प्राथमिकता प्रदान करें यदि किसी विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र देने में विलम्ब हो रहा हो तो सभी विभागों की एक बैठक आहुत कर ली जाय और आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाय ताकि अयोध्या धाम में होने वाले निवेश का लक्ष्य पूरा किया जा सके और समुचित विकास हो सकें। उक्त बातें आयुक्त अयोध्या मण्डल अयोध्या नवदीप रिणवा ने कहीं। बैठक में जो आवासीय एवं कार्माशियल नक्शे जमा है उनको पास करने तथा आय–व्यय बजट पर भी चर्चा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी नितीश कुमार, नगर निगम आयुक्तधविकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष विशाल सिंह सहित विकास प्राधिकरण के अधिकारी, टाउन प्लानर, लेखाधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता सहित सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित थे।

## अयोध्या जिले के सचेतक बने विधायक रामचंद्र यादव : समर्थकों में जश्न का माहौल

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी की सरकार के रुदौली से एट ट्रिक लगा चुके विधायक पूर्व राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त विधायक को उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को अयोध्या जिले का सचेतक बनाकर बड़ी जिम्मेदारी दी है मंत्रिमंडल में स्थान मिलते मिलते हैं रह जाने वाले गरीब पिछड़े मजलूम जनता की आवाज बने जनप्रिय विधायक को सीएम योगी ने विधानमंडल दल कासचेतक नियुक्त किया । रुदौली के विधायक रामचंद्र यादव अयोध्या के सचेतक नियुक्त किए जाने पर जिले के भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी जश्न का माहौल लिखने लगा । रुदौली विधायक को बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है लगातार तीन बार रुदौली विधानसभा से हर बार नया नया रिकॉर्ड बनाते हुए जीत दर्ज कर इतिहास कायम किया है जिले की जनता में उनको योगी के दूसरे कार्यकाल में भी मंत्रिमंडल में स्थान ना मिलने से काफी मायूसी थी जिस पर मल हम लगाने का काम सरकार ने किया है परंतु यहां की जनता अपने उपरोक्त लोकप्रिय सेवक को सरकार के मंत्री के रूप में देखना चाहती है और अपनी मांग को लगातार योगी सरकार से समय–समय पर दर्ज कराती रहेगी।

## सदी की सबसे बुरी गर्मी झेल रहा उत्तर भारत

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : इस बार सदी की सबसे बुरी गर्मी उत्तर भारत झेल रहा है। राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बांदा में तो तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। उधर, सोमवार को राजस्थान के धौलपुर में अधिकतम तापमान 46.1 डिग्री और यूपी के बांदा में रविवार को अधिकतम तापमान 49 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसके अलावा 12 से ज्यादा शहरों में 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान दर्ज किया गया। सबसे अधिक धौलपुर (46.1 डिग्री), इसके बाद झांसी (45.6 डिग्री), नौगांव (45.5 डिग्री), बठिंडा (45.1 डिग्री), वाराणसी, पटियाला और सीधी (प्रत्येक में 45 डिग्री) का स्थान रहा। मंगलवार को झारखंड के डाल्टनगंज में 46, मध्य प्रदेश के ग्वालियर में 45, यूपी के हमीरपुर में 44, प्रयागराज में 44, सुल्तानपुर में 40, कानपुर में 43, मैनपुरी में 43, लखनऊ में 42, अयोध्या में 43 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। कम से कम 25 से ज्यादा जिले ऐसे, रहे जहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया।

# रामायण युग के पौधे लगाकर अयोध्या में बनाया जा रहा है 'प्राकृतिक पक्षी विहार' : त्रेता युग की आएगी फीलिंग

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : राममंदिर निर्माण पूरा होने के पहले अयोध्या को सजाया संवारा जा रहा है। रामायण काल के पौधे लगाकर 9 करोड़ की लागत से प्राकृतिक पक्षी विहार बनाने का काम शुरू हो गया है। इस काम को पूरा करने में 6 माह का समय लगेगा। जिसमें रामायण काल के पौधे लगाए जाएंगे। इसके निर्माण में खास बात यह रहेगी कि पूरे पार्क में कहीं भी सीमेंट और सरिया का प्रयोग नहीं किया जाएगा। पूरा निर्माण मिट्टी से होगा। अयोध्या जनपद के सोहावल तहसील क्षेत्र कोला मोवईया कपूर समदा झील में बनने वाले नेचुरल पक्षी विहार को नगर विकास प्राधिकरण बनवा रहा है। लगभग 67 हेक्टेयर मे फैली झील देश विदेश के पक्षियों के आवागमन का केंद्र बनेगी। अयोध्या नगर आयुक्त विशाल सिंह का कहना है कि राम मंदिर अयोध्या धाम से जोड़ने में तथा प्रयर्टकों को दार्शनिक स्थल बनाने के लिए सभी कार्य भारतीयता के आधार पर होंगे। अधिकतर मिट्टी का उपयोग कर वाच टावर रामायुग के पौधों का पौधरोपण किया जाएगा। पक्षियों के रखरखाव के लिए चारों ओर से खाई बनाकर जल भराव तथा जल की स्वच्छता के लिए पानी के आवागमन सदैव ठहराव निकासी का भी इंतजाम पुख्ता होगा। यह सभी कार्य योजना मे सीमेंट, सरिया विहीन मिट्टी से निर्मित कर की जाएगी। अयोध्या धाम से जुड़े होने के कारण रामायुग को ध्यान मे रखकर यादें ताजा करने मे दार्शनिक स्थल बनेगा। नगर आयुक्त ने बताया सुंदरीकरण होने से देश–विदेश से आने वाले राम भक्त मेहमानों के लिए नेचुरल पार्क दार्शनिक स्थल होगा। विदेशी पक्षियों के लिए पानी के आभाव न हो और वे पलायन न करें इसकी खास व्यवस्था होगी। उनके बैठने के लिए भी मिट्टी का टीला बनाया जाएगा। आने वाले दर्शकों को आवागमन सुलभ हो उसके लिए सोहावल चौराहा से मसौधा होते हुए अयोध्या तक जोड़ने के लिए सड़क चौडीकरण करने का भी प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने बताया इस योजना को 6 माह का समय लगेगा है जिसका निर्माण बेंगलुरु की संस्था कर रही है।

# निषाद समाज के लोगों ने महापौर का किया स्वागत

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : टेढ़ी बाजार चौराहे का नाम निषादराज चौराहा घोषित कराने के लिए ऋषिकेश उपाध्याय महापौर का निषाद समाज व निषाद वंश पंचायती मंदिर के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम में महापौर जी ने अपने आप को निषाद राज व एकलव्य से जोड़ते हुए समस्त निषाद समाज को बताया कि वेदव्यास के गोत्र के होने के कारण मेरा निषाद समाज से गहरा संबंध है, महापौर जी ने कहा कि टेढ़ी बाजार चौराहा का नाम निषादराज चौराहा करने से प्रभु श्रीराम के भक्तों को सबसे पहले निषादराज चौराहा पर निषाद से मिलने के बाद बाद प्रभु श्री राम का दर्शन करेंगे ,क्योंकि निषाद व प्रभु श्री राम का युगों युगों से मित्रता की मिसाल दी जा रही है ,कानूनी बाध्यता होने के कारण चौराहे पर निषाद मूर्ति मैं लगवा नहीं पा रहा हूं मैं वादा करता हूं कि निषादराज की मूर्ति जहां भी आप लोग लगाएंगे मैं अपनी तरफ से 100000 दूंगा। निषाद समाज सबकी नैया पार लगाता है विरोधी कह रहे थे योगी सरकार नहीं बनेगी लेकिन निषाद समाज के सभी बाहुल्य क्षेत्रों में पर प्रचंड बहुमत देकर निषाद समाज ने मेरी सरकार बनवाई इसके लिए मैं आप सबका आभारी हूं ।तथा मुझे विश्वास है कि निषाद समाज 2024 में भी मोदी की सरकार बनाएंगे। महापौर ने कह की श्री राम जी से निषाद/केवट ने कुछ नहीं लिया तो मैं भी आप सभी से धन्यवाद आभार ना लेते हुए अपना दायित्व व कर्तव्य समझकर निषादराज चौराहा का नामकरण करवाया हूं । कार्यक्रम का संचालन मंदिर कमेटी के महामंत्री भगवान दास जी ने किया ।तथा अध्यक्षता इंद्रेश निषाद अध्यक्ष मंदिर कमेटी ने किया । महापौर का स्वागत संरक्षक प्रेमचंद निषाद ने बुके देकर ,संतोष कुमार निषाद ठेकेदार सुधीर निषाद,संजय निषाद व कल्लू निषाद ने 21 किलो की माला पहनाकर तथा अध्यक्ष इंद्रेश कुमार व उपाध्यक्ष राम प्रसाद निषाद ने शाल ओढ़ाकर महापौर का स्वागत व अभिनंदन किया। मनीराम निषाद पूर्व जिला महामंत्री भाजपा, संतोष कुमार निषाद, राम आशीष निषाद ,मोतीराम निषाद, महामंडलेश्वर संतोष निषाद, आशा राम निषाद,वेदप्रकाश निषाद, हरीश निषाद जिला पंचायत सदस्य, अरुण निषाद आदि ने अपने वक्तव्य में माननीय महापौर जी का निषादराज चौराहा करवाने के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया । सुधीर निषाद ने मूर्ति के लिए 21000 रु देने की घोषणा किया अंत में निषाद मंदिर कमेटी के हां मंत्री भगवानदास निषाद व मंदिर कमेटी ने राम दरबार की प्रतिमा/मोमेंटो तथा हरिकिशन निषाद कोषाध्यक्ष मंदिर कमेटी ने महापौर जी व जीतू निषाद को महाराज निषाद राज की प्रतिमा भेट किया । क्रम में रामजीत निषाद, श्याम बिहारी निषाद , निषाद आदि जिले के समस्त सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# राजनीतिक महारथियों की उपेक्षा का शिकार हो गया राजकीय महाविद्यालय

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसवां में सात करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले राजकीय महाविद्यालय परसवां की कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम की शिथिलता एवं लापरवाही के चलते पिछले 7 वर्षों में भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। निर्माण कार्य संस्था के अधिकृत ठेकेदार लल्लन सिंह गणेश कंस्ट्रक्शन ने बताया कि धन की स्वीकृति में विलंब होने के कारण निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया था। अभीतक बालक छात्रावास के प्रथम तल ही निर्माण हो सका है तथा बालिका छात्रावास निर्माणाधीन है। इसके अतिरिक्त सौंदर्यीकरण आदि का कार्य भी अभी लंबित है। ठेकेदार ने कहा कि अभी छात्रावासों तथा सौंदर्यीकरण के लिए शासन से दो करोड़ रुपए की मांग हुई है, पैसा मिलने के बाद कार्य में तेजी लायी जाएगी। वहीं दूसरी ओर पता चला है कि महाविद्यालय में शिक्षण के लिए अध्यापकों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति भी कर ली गई है। आगामी जुलाई माह से शिक्षण कार्य प्रारंभ होना है। ऐसे में बिना छात्रावास के शिक्षण कार्य कैसे पूर्ण होगा। क्षेत्रवासी ग्रामीणों का कहना है कि इस पिछड़े क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना का कार्य विगत समाजवादी पार्टी की सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे अवधेश प्रसाद के प्रयास के बाद शुरू हुआ था किंतु निजाम बदलने के बाद निर्माणाधीन राजकीय महाविद्यालय उपेक्षा का शिकार हो गया। वर्तमान में एक बार फिर महाविद्यालय के संचालन को लेकर ग्रामीणों की आस जग गई है।

# शोभा बढ़ा रही है करोड़ों की एंबुलेंस मेडिकल कॉलेज में

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में करोड़ों रुपए की लागत से खरीदी गई दो एंबुलेंस हो वह दो शव वाहन अस्पताल में मरीजों की सेवा के बजाय काली परिषद की शोभा बढ़ा रही है करीब डेढ़ वर्षो में 3 वाहन के 1000 किलोमीटर का भी सफर नहीं तय हो सके हैं कॉलेज के पास एंबुलेंस मौजूद होने के बाद भी मरीजों को अस्पताल और सज्जनों को शव ले जाने के लिए परेशान होना पड़ रहा है काली प्रशासन इनके उपयोग में ना आने की वजह दर्शन नगर अस्पताल में पार्किंग के लिए सुरक्षित स्थान ना होना बताया है मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर में करीब 1 करोड़ से अधिक की लागत से एंबुलेंस एवं शव वाहन की खरीद की गई थी आरोप है कि इन वाहनों को जब से खरीदा गया है तब से दर्शन नगर अस्पताल के बजाय गंजा स्थित कॉलेज परिसर में खड़ा कर दिया गया है यही वजह है कि डेढ़ वर्ष में अब तक एक वाहन 400 दूसरा 447 तीसरा 617 तथा चौथा 900 किलोमीटर की दूरी ही तय कर सका है वहीं दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को रेफर करने या मृत्यु होने पर ले जाने के लिए प्राइवेट वाहनों को सहारा लेना पड़ता है जिसमें प्राइवेट वाहन चालक मनमाना शुल्क वसूल कर रहे हैं वहीं खड़े वाहनों में एंबुलेंस और 200 वाहन है अभी दर्शन नगर स्थित अस्पताल परिसर में इसे सुरक्षित रखने के लिए नहीं है की व्यवस्था करने का प्रयास चल रहा है इसमें से अभी तक एंबुलेंस को कभी–कभी रक्तदान शिविर में भेजने और कॉलेज में पढ़ाई कर रहे छात्र–छात्राओं की तबीयत खराब होने पर अस्पताल पहुंचाने का कार्य लिया जा रहा है।

# नशे में धुत सिपाही पर बालिका के आबरू पर हमले का आरोप : जनता ने की पिटाई

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : नगर कोतवाली क्षेत्र में शराब के नशे में धुत एक सिपाही पर एक 14 वर्षीय बालिका के आबरू पर हमले का आरोप लगा है। स्थानीय लोगों ने पकड़कर आरोपी सिपाही की पिटाई की और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। मामला सोमवार की रात का है। हलांकि पुलिस का कहना है कि लोगों को गफलत हुई है। नशे में धुत सिपाही दौड़ रहा था और बालिका ने समझा कि सिपाही उसको पकड़ने की फिराक में है। फिलहाल नशेड़ी सिपाही का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया है और विभागीय कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी गई है। कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय निवासियों का कहना है कि सोमवार की रात शराब के नशे में धुत एक सिपाही ने सामान लेने निकली मोहल्ले की एक 14 वर्षीय बालिका को दबोच लिया। बालिका चीखी–चिल्लाई तो आस–पास के लोग एकत्र हो गए। पूरा माजरा जानने के बाद लोगों में नशे में धुत सिपाही को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान नशे में धुत सिपाही ने रौब और धौंस जमाने की नाकाम कोशिश की। हलांकि सिपाही के अन्य साथी मौके से भाग निकले। मामले की खबर पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची तो लोगों ने नशे में धुत सिपाही को पुलिस के हवाले कर दिया। सिपाही 27 वर्षीय सुधीर यादव निवासी रईसपुर थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर बताया गया है और यहां रामजन्मभूमि के यलो जोन सुरक्षा ड्यूटी कर रहा है। स्थानीय लोगों ने मामले का वीडियो बनाकर वायरल भी किया है। कोतवाली पुलिस ने सिपाही का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया है, जिसमें अल्कोहल के सेवन की पुष्टि हुई है। इस बाबत मंगलवार को नगर कोतवाल देवेंद्र सिंह का कहना है कि सिपाही ने बालिका को पकड़ने से इंकार किया है। वह एक बंद गुमटी पर पेशाब कर रहा था। सिपाही का कहना है कि उसने टेम्पो पकड़ने के लिए दौड़ लगाई तो उधर से गुजर रही बालिका को लगा कि उसका पीछा कर रहा है और पकड़ना चाहता है। इसी के चलते बालिका ने हल्ला–गोहार मचाई और स्थानीय लोगों ने उसको पकड़ लिया। नशेड़ी सिपाही का मेडिकल कराया गया है और निलंबन की विभागीय कार्रवाई के लिये रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है। पुलिस को अभी कोई शिकायत नहीं मिली है।

## रूदौली में ट्रेन से टकराई बाइक : बाइक को 500 मीटर तक घसीटा

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : लखनऊ–वाराणसी रेलमार्ग पर स्थित अयोध्या जनपद के रुदौली रेलवे स्टेशन के पश्चिमी रेलवे क्रासिंग पर मंगलवार को एक बड़ी दुर्घटना होते होते बच गई। यहां रेलवे क्रासिंग पर रेलवे लाइन पार कर रही एक बाइक अयोध्या से लखनऊ की ओर जा रही ट्रेन से टकरा गई। ट्रेन से टकराने के बाद बाइक ट्रेन के इंजन में फंस कर लगभग 500 मीटर तक चली गई जिससे बाइक में आग लग गई और बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। गनीमत यह रही कि रेल लाइन क्रॉस कर रहे बाइक सवार ने रेल आती देख बाइक से कूदकर भाग निकला, जिससे उसकी जान बच गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे आरपीएफ चौकी प्रभारी रुदौली शिवानन्द यादव ने बाइक को अपने कब्जे में लेकर अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गए हैं। आरपीएफ चौकी प्रभारी शिवानंद यादव ने बताया कि घटना मंगलवार की है। जब 8103 अप टाटा अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन के रुदौली रेलवे स्टेशन से गुजर कर रेलवे क्रासिंग पहुचीं तभी यह घटना हो गई। घटना की सूचना पर जब मैं घटनास्थल पर पहुंचा तब तक ट्रेन पर सवार यात्रियों द्वारा इंजन में फंसी हीरो–होंडा मोटरसाइकिल संख्या यूपी 42 डब्ल्यू–8837 जो किसी जावेद के नाम पंजीकृत है। निकालकर अलग कर दिया गया था। बाइक को कब्जे में लेकर ट्रेन को अपने गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया तथा स्टेट वर्सेज अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर घटना की जांच की जा रही है। घटना की सूचना पाकर रुदौली कोतवाल शशिकांत यादव भी रेलवे स्टेशन रुदौली पहुंचे, जहां उन्होंने जली हुई मोटरसाइकिल का अवलोकन किया।

# ऑपरेशन से प्रसव का लक्ष्य दूर की कौड़ी सीएससीओं में

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : स्वास्थ्य केंद्रों सीएचसी पर सिजेरियन प्रसव की व्यवस्था भले ही सरकार ने कर दी हो लेकिन यहां पर सिजेरियन प्रसव का लक्ष्य तक नहीं पूर्ण हो रहा है ऐसा नहीं है कि सरकार अस्पतालों में कोई व्यवस्था नहीं है बल्कि सरकारी अस्पतालों से ही गर्भवती को प्राइवेट अस्पताल भेज दिया जाता है प्राइवेट अस्पतालों में सरकारी चिकित्सक प्रसव कराने के लिए ही ऑपरेशन भी करते हैं आर्थिक रूप से कमजोर गर्भवती के सिजेरियन प्रसाद की व्यवस्था सरकार ने सीएससी स्तर पर की है इसके लिए सरकार ने भारी–भरकम बजट भी खर्च किया है ऑपरेशन थिएटर बनाने के साथ ऑपरेशन प्रसव वार्ड बनाया गया संविदा पर महिला चिकित्सकों की तैनाती के साथ एनोस्थितियां हालांकि जिला महिला चिकित्सालय से समृद्ध आन काल सीएससी पर उपलब्ध रहते हैं यहां तैनात महिला चिकित्सक के लिए न्यूनतम पांच हीरेशियम प्रसव करना अनिवार्य है लेकिन यह लक्ष्य भी पूरा नहीं हो रहा है इसकी गवाही सीएससी के आंकड़े दे रहे हैं 5 माह में सिर्फ जनवरी में ही लक्ष्य पूरा हुआ है जनवरी में 5 फरवरी में 4 मार्च में 3 अप्रैल में महज एक एवं मई में अभी तक दो सिजेरियन प्रसाद ही कराए गए हैं सीएससी के आसपास खुले दर्जनों नर्सिंग होम में हर माह सैकड़ों प्रसाद ऑपरेशन होते हैं लेकिन सीएससी में मां भर में 5 भी नहीं हो पा रहे हैं प्रसव के गंभीर मामलों में अस्पताल में ऑपरेशन कराने के बजाए प्राइवेट अस्पताल का रास्ता दिखा दिया जाता है निजी अस्पताल उनका आर्थिक दोहन करते हैं। वही निजी अस्पतालों में उनका आर्थिक दोहन तो करते ही हैं मानसिक भी करते हैं निजी अस्पतालों में मानकों को ताक पर रख दिया जाता है हीमोग्लोबिन कम होने पर भी वहां ऑपरेशन हो जाता है गर्भवती महिलाओं में जागरूकता के अभाव के साथ अस्पताल में संसाधनों की कमी भी कुछ हद तक जिम्मेदार है।

# बच्चे अपने माता–पिता को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के लिए बाध्य करें

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बच्चे अपने माता–पिता या अन्य परिवार के सदस्यों को अपनी सुरक्षा के लिए चार पहिया चलाते समय सीट बेल्ट व दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनने के लिए जरूर बाध्य करें। यह बात मुख्य मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष व नागरिक सुरक्षा संगठन के पूर्व डिवीजनल वार्डन रूप कुमार शर्मा ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित किए गए कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय उजरियांव के छात्र छात्राओं से कही। शर्मा ने बच्चों को सड़क पर लगे यातायात चिन्हों, जेब्रा क्रॉसिंग के सम्बन्ध में जानकारी दी। सड़क या चौराहा पार करने से पहले दायें देखें, बांएं देखें फिर दायें देखें, यदि कोई वाहन ना आ रहा हो, तो ही सड़क या चौराहा क्रास करें। केवल जेब्रा क्रॉसिंग पर ही सड़क क्रास करें। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता शर्मा ने मुख्य अतिथि रूप कुमार शर्मा को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया तथा बच्चों को यातायात



संकेतकों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के बच्चों ने यातायात सम्बन्धी ड्राइंग भी बनाई। क्षेत्र के नागरिकों को यातायात सम्बन्धी नियमों का पालन करने के उद्देश्य से जागरूक करने के लिए विद्यालय के बच्चों ने प्रभात फेरी भी निकाली जिसमें नजर हुसैन, विद्यालय की शिक्षिकाओं डॉ सुमन मिश्रा, क्षमा गुप्ता, अन्य स्टाफ सहित कई स्थानीय लोग भी शामिल थे। इस अवसर पर मानवाधिकार जनसेवा परिषद के द्वारा बच्चों को बिस्कुट वितरित किए गए।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।